# उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
# ए.डी.आर. केन्द्र, मा0 उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

दिनांक : 24.07.2018

## नीलामी सूचना

सर्वसाधरण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल में राज्य प्राधिकरण की निष्प्रयोज्य राजकीय सामग्री (इलैक्ट्रिकल सामान, ऑफिस फर्नीचर, फोटो कॉपियर मशीन, वाहनों के पार्टस इत्यादि) की नीलामी हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म को नीलामी में भाग लेने हेतु मुहरबन्द निविदा के साथ रू. 2,236/– (रू0 2,000/– रिफन्डेबल तथा रू0 236/– नॉन–रिफन्डेबल) दिनांक 10.08.2018 की दोपहर 12:00 बजे तक या उससे पूर्व जमा करने होंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक 10.08.2018 की दोपहर 2:00 बजे अधिकृत समिति/अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म, निविदा की समस्त शर्तो/नियमों का विवरण तथा सामग्री का अवलोकन कार्यालय उत्तरारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकता है। विवरण राज्य प्राधिकरण की वैबसाइट www.slsa.uk.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सदस्य सचिव,
उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
ए.डी.आर. केन्द्र, मा0 उच्च न्यायालय परिसर,
नैनीताल।

# *नियम एवं शर्ते*

1— इच्छुक व्यक्ति/फर्म, निविदा की समस्त शर्तो/नियमों का विवरण तथा सामग्री का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के कार्यालय में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकता है।

2— इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों द्वारा सामग्री का अवलोकन किसी भी कार्यदिवसों में प्रातः 11.00 बजे से सॉय 4.00 बजे के मध्य किया जा सकता है।

3— नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/फर्मों को उत्तराखण्ड राज्य प्राधिकरण के रोकड़ अनुभाग में उक्त सामग्री के लिए रू0 2,236/— (रू0 2,000/— रिफन्डेबल तथा रू0 236/— नॉन रिफन्डेबल शुल्क) की जमानत धनराशि दिनांक 10.08.2018 की दोपहर 12.00 बजे तक या उससे पूर्व (संलग्नक फार्म—1 को भलीभॉति भरकर, फोटो चस्पा कर तथा हस्ताक्षर करके) जमा करनी होगी। बिना जमानत धनराशि जमा कराए, नीलामी प्रक्रिया में भाग नहीं लेने दिया जायेगा तथा जिस नीलामीकर्ता की निविदा बोली ज्यादा होगी, उसके द्वारा जमा की गयी धरोहर धनराशि को निविदा की समस्त धनराशि जमा करने तथा सामग्री को उठवाने के उपरान्त ही वापस की जायेगी व असफल बोलीदाताओं द्वारा जमा की गयी धरोहर धनराशि को उसी समय वापस कर दिया जायेगा।

4— इच्छुक व्यक्ति/फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदायें दिनांक 10.08.2018 की दोपहर 2.00 बजे समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेंगी।

5— निष्प्रयोज्य सामग्री के अवलोकन उपरान्त निविदादाता को सामग्री को तोलने व उठाने की व्यवस्था स्वयं के खर्चे पर करनी होगी।

6— सामग्री किसी भी दशा में निर्धारित न्यूनतम मूल्य से नीचे नीलाम नहीं की जाऐगी, सामग्री का निर्धारित न्यूनतम मूल्य फार्म—1 पर दर्शित है।

7— सफल निविदादाता को उसके द्वारा लगाये गए मूल्य के अतिरिक्त संबंधित टैक्स (जैसा लागू हो) स्वम् जमा करना होगा।

8— सफल निविदादाता को सामग्री को 03 दिन के अन्दर उठाना होगा। 03 दिनों के अन्दर सामान न उठाने व धनराशि जमा न कर पाने की स्थिति में समस्त सुरक्षा धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

9— यदि अधिकृत समिति/अधिकारी के संज्ञान में यह बात आती है कि, बोली दाताओं/निविदादाताओं ने आपस में सांठ—गांठ कर ली है, जिसकी वजह से संस्था को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है तो ऐसी स्थिति में नीलामी निरस्त/स्थगित की जा सकती है।

10— सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल को बिना बताए नीलामी की तिथि में परिवर्तन करने तथा समस्त नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा।

11— नीलामी संबंधी किसी भी कानूनी कार्यवाही का वाद क्षेत्र केवल जनपद नैनीताल स्थित न्यायालय होगा।

ह0/—
सदस्य सचिव,
उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
ए.डी.आर. केन्द्र, मा0 उच्च न्यायालय परिसर,
नैनीताल।

# फार्म–1

फोटो

1– व्यक्ति/फर्म का नाम :– ..............................................................

2– पिता का नाम :– ..............................................................

3– आयु :– ..............................................................

4– व्यवसाय:– ..............................................................

5– पूरा पता :– ..............................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

6– मोबाइल/फोन नम्बर :– ..............................................................

7– ई–मेल आई.डी. (यदि हो) :– ..............................................................

8– सुरक्षा धनराशि का विवरण :–

- ₹ 2,000/– (रिफन्डेबल) ..............................................................
- ₹ 236/– (नॉन रिफन्डेबल) ..............................................................

9– लगाई गई बोली (निर्धारित न्यूनतम मूल्य से ऊपर) :–

**नीलमी हेतु उपलब्ध सामग्री/वस्तुएं**

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | इकाई | न्यूनतम निर्धारित मूल्य प्रति नग | लगाई गई बोली |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टेबल बड़ी | 01 | ₹ 500.00 | |
| 2. | कुर्सी एजक्यूटिव | 02 | ₹ 307.00 | |
| 3. | आफिस टेबल | 09 | ₹ 158.00 | |
| 4. | कुर्सी कैप्सूल पाईप | 09 | ₹ 100.00 | |
| 5. | टेबल आयरन | 01 | ₹ 150.00 | |
| 6. | रिवाल्विग कुर्सी छोटी | 06 | ₹ 140.00 | |
| 7. | लकड़ी की रैक | 10 | ₹ 50.00 | |
| 8. | कम्प्यूटर टेबल | 09 | ₹ 150.00 | |
| 9. ए | आलमारी लकड़ी | 03 | ₹ 1,123.00 | |
| 9. बी | आलमारी लकड़ी | 01 | ₹ 1,850.00 | |
| 10. | सेठी | 01 | ₹ 70.00 | |
| 11. | फाईल रैक आयरन | 01 | ₹ 200.00 | |
| 12. | स्टूल कुर्सी | 16 | ₹ 50.00 | |
| 13. | लकड़ी की कुर्सी | 06 | ₹ 220.00 | |
| 14. | कुर्सी एजक्यूटिव मिडियम | 02 | ₹ 100.00 | |
| 15. | कम्प्यूटर टेबल | 01 | ₹ 1,500.00 | |
| 16. | ए0सी0 वोल्टास | 02 | ₹ 2,065.00 | |
| 17. | ए0सी0 हुण्डई | 02 | ₹ 2,065.00 | |
| 18. | बजाज हीटर सिंगल रॉड | 03 | ₹ 20.00 | |
| 19. | यू0पी0एस0–600 वी0ए0 | 09 | ₹ 50.00 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20. | ई0पी0बी0 एक्स मशीन | 01 | ₹ 150.00 | |
| 21. | इनर्वटर (1 के0वी0ए0) | 01 | ₹ 100.00 | |
| 22. | फोटो कॉपियर मशीन | 02 | ₹ 1,000.00 | |
| 23. | कम्प्यूटर सैट | 04 | ₹ 500.00 | |
| 24. | फोटो कॉपियर मशीन के ड्रम कार्ट्रेज | 04 | ₹ 40.00 | |
| 25. | इलेक्ट्रीक केतली | 01 | ₹ 20.00 | |
| 26. | कॉर्डलेस बेल | 07 | ₹ 10.00 | |
| 27. | राजकीय वाहनों के क्षतिग्रस्त पार्टस | लोहा / प्लास्टिक | आयरन स्क्रैप ₹ 20 /— Kg.<br>एल्युमिनियम स्क्रैप ₹ 32 /— Kg.<br>कॉपर स्क्रैप ₹ 355 /— Kg. | |
| 28. | मोबाईल सैमसंग | 01 | ₹ 30.00 | |
| 29. | मोबाईल नोकिया | 02 | ₹ 25.00 | |
| 30. | मोबाईल सोनी एरिक्शन | 02 | ₹ 30.00 | |
| 31. | मोबाईल ब्लेकबेरी | 01 | ₹ 40.00 | |
| 32. | मोबाईल सैमसंग ग्लैक्सी ए—7 | 01 | ₹ 50.00 | |
| 33. | मोबाईल सैमसंग ग्लैक्सी ई—5 | 01 | ₹ 50.00 | |
| 34. | प्रिन्टर कार्ट्रेज | 40 | ₹ 10.00 | |

मैनें नीलामी के सभी नियम एवं शर्तो को भलीभांति पढ़ व समझ लिया है तथा मैं उपरोक्त सभी नियम / शर्तो को मानने के लिए सहमत हूँ।

स्थान :—

दिनांक :— व्यक्ति / फर्म के हस्ताक्षर